सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
PRIME MINISTER

डॉ. मनमोहन सिंह
भारत के प्रधानमंत्री

<u>संदेश</u>

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि श्री राजीव गाँधी कम्प्यूटर साक्षरता सोसाइटी, नई दिल्ली, कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में ''राजीव गाँधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन'' नामक महत्वपूर्ण योजना पिछले 4 साल से प्रायोजित कर रही है।

मेरी जानकारी में आया है कि इस महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से समाज के गरीब पिछड़े मध्यमवर्गीय, अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं, विधवा एवं परित्यक्तता महिलाओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में केन्द्र स्थापित करके कम्प्यूटर शिक्षा दी जा रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सोसाइटी द्वारा प्रारम्भ ''राजीव गाँधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन'' योजना समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए स्वावलम्बन एवं आर्थिक उत्थान में सहायक सिद्ध होगी एवं भारत में प्रत्येक वर्ग को कम्प्यूटर शिक्षा दी जाकर एक बेहतर शैक्षिक वातावरण बनेगा, एवं कम्प्यूटर शिक्षा को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर कर भारत में कम्प्यूटर क्रान्ति के जनक श्री राजीव गाँधी जी के सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी।

मैं इस महत्ती योजना की सफलता की कामना करता हूँ।

मनमोहन सिंह
(मनमोहन सिंह)